एक नजर में

विद्युत विभाग की टीम ने वसूले साढ़े चार लाख रुपये

मुरैना/जौरा, 21 नवम्बर। समाधान योजना लागू होने के बाद योजना में रुचि काम उपभोक्ता दिखा रहे हैं, जिसको लेकर विद्युत विभाग द्वारा घर-घर प्रतिष्ठानों पर जाकर वसूली अभियान चलाया जा रहा है। 21 नवंबर को सहायक यंत्री पी .एस . यादव, कनिष्ठ यंत्री मुकेश कुमार मिश्रा की देखरेख में वसूली टीम के अमरकांत शर्मा, मनोज सविता, हरिओम कुशवाहा, अलीमुद्दीन खान, मनोज जाटव, घनश्याम सिकरवार, ऋषिकेश कुशवाहा, भारत मीणा सहित अन्य कर्मचारियों की टीम ने संजय नगर सिंगल पुर, एमएस रोड, पगारा रोड, शोभाराम का पुरा, तिकोनिया पार्क सहित अन्य कई स्थानों पर वसूली अभियान चलाते हुए 34 बकायादार उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने की कार्रवाई की गई। शाम तक टीम को 04 लाख 53 हजार की वसूली भी प्राप्त हुई। विद्युत अधिकारियों का कहना है कि समाधान योजना में बकायदार उपभोक्ताओं को पेनल्टी एवं सरचार्ज की छूट दी जा रही है, इसलिए बकायादार उपभोक्ता इस समाधान योजना से लाभ उठाएं। बिजली बिलों की बकाया राशि को कार्यालय में या ऑनलाइन जमा करवाएं।

जिला स्तरीय स्टेडिंग कमेटी की बैठक आज

मुरैना। नगरीय निकायों की मतदाता सूची के प्रकाशन के संबंध में राजनैतिक दलों एवं जिला स्तरीय स्टेडिंग कमेटी की बैठक 22 नवम्बर को दोपहर 12 बजे नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई है।

जिले में कॉन्टेक्ट सेन्टर (1950) की स्थापना

मुरैना। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के नेतृत्व में जिले में कॉन्ट्रेक्ट सेन्टर (1950) की स्थापना की गई है। जिसमें एसआईआर से संबंधित किसी भी सहायता, जानकारी के लिए 1950 तथा 07532-299245 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

संदीपनी उमावि गोठ ने विद्यार्थियों को कराया शैक्षणिक भ्रमण

मुरैना। संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोठ में विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 19 नवंबर को विद्यालय के प्राचार्य जेपी तरेटिया द्वारा हरी झंडी दिखा करके और रवाना किया गया। सर्वप्रथम औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई में पहुंची आईटीआई कॉलेज के स्टाफ द्वारा मोटर व्हीकल इंजन किस तरह काम करता है, इसके अलावा मशीन किस तरह काम करती है विस्तृत ढंग से विद्यार्थियों को समझाया गया। इसके बाद भ्रमण दल श्रीराम ग्रुप ऑफ इंजीनियरिंग कॉलेज पहुंचा। वहां पर कॉलेज के प्रोफेसर द्वारा मैकेनिकल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर इंजीनियरिंग विषय पर रोचक ढंग से जानकारियां दी गईं। इसके बाद भ्रमण दल शनिचरा पर्वत माला स्थित शनि मंदिर पर पहुंचा। वहां पर शनि मंदिर के दर्शन किए और दोपहर का भोजन किया। इसके बाद प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मितावली, पढ़ावली, ककनमठ का भ्रमण किया। इस भ्रमण कार्यक्रम में विद्यालय के उप प्राचार्य हरिओम तिवारी, शिवानी तोमर, श्रीनाथ दंडोतिया, मनोज कुमार शर्मा, मोहिनी सेंगर, अनिल कुमार शर्मा, प्रदीप गौड़, गोविंद गुप्ता, कृष्णकांत सिकरवार द्वारा सहभागिता की गई। शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम से विद्यार्थियों को बहुत ही रोचक और ज्ञानवर्धक जानकारियां प्राप्त हुईं।

सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने बुजुर्ग मतदाता को सम्मानित किया

मुरैना। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत गुरुवार को 4-जौरा विधानसभा क्षेत्र के सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं तहसीलदार कैलारस नरेश शर्मा ने शहर के वरिष्ठ मतदाता चिंरोजी लाल सिंघल, पुत्र गजाधर सिंघल के घर पहुंचकर उन्हें फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। चिंरोजी लाल सिंघल लगभग 75 वर्षों से निरंतर अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को सशक्त बनाने में योगदान दे रहे हैं। निर्वाचन आयोग के मतदाता सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से इस सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा उन्हें गणना फॉर्म भी प्रदान किया गया, जिसे स्थल पर ही भरवाकर प्राप्त किया गया। कार्यक्रम के दौरान संबंधित मतदान केंद्र के बीएलओ श्री सहदेव मरैया भी उपस्थित रहे।

निर्वाचन कार्य में लापरवाही पर कारण-बताओ नोटिस

मुरैना। जनपद पंचायत कैलारस की ग्राम पंचायत बघरोली के ग्राम रोजगार सहायक तथा ग्राम पंचायत ब्रह्मवाजना के अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे लायक सिंह जाटव को निर्वाचन संबंधी महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही बरतने पर प्रशासन ने कारण-बताओ नोटिस जारी किया है। यह कार्रवाई अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा भेजे गए प्रतिवेदन के आधार पर की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कमलेश कुमार भार्गव द्वारा जारी नोटिस में उल्लेख किया गया है कि सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 04 जौरा द्वारा जाटव को गणना फार्म एंट्री (ई .एफ. फीडिंग) हेतु ड्यूटी सौंपी गई थी। इसके बावजूद, बार-बार दूरभाष पर संपर्क करने के बाद भी उन्होंने न तो बीएलओ को आवश्यक सहयोग प्रदान किया और न ही तहसील कार्यालय कैलारस में उपस्थित होकर निर्धारित कार्य संपादित किया। नोटिस में कहा गया है कि शासन के एसआईआर जैसे महत्वपूर्ण निर्वाचन कार्य में उदासीनता एक लोक सेवक के अपेक्षित आचरण के विपरीत है। यह व्यवहार पदीय दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही, अनुशासनहीनता एवं कदाचार की श्रेणी में आता है।
इसी आधार पर संविदा नीति-2025 (ग्राम रोजगार सहायक) के अंतर्गत अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित करते हुए श्री जाटव को निर्देश दिया गया है कि नोटिस प्राप्ति के तीन दिवस के भीतर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर अपना उत्तर प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि में समाधानकारक उत्तर प्रस्तुत न होने की स्थिति में उनके विरुद्ध संविदा सेवा शर्तों के अनुसार एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी, जिसके लिए वे स्वयं उत्तरदायी होंगे।

श्री सिद्धचक्र विधान के समापन पर महायज्ञ एवं रथयात्रा का आयोजन

मुरैना। सिद्धचक्र महामंडल विधान के समापन की वेला में विश्व शांति एवं कल्याण की पावन भावना के साथ महायज्ञ कर भव्य एवं विशाल रथ यात्रा निकाली गई। श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के विधानाचार्य पंडित राजेंद्र शास्त्री मंगरोनी ने बताया कि निरंतर आठ दिनों तक सिद्धों की आराधना पूजा भक्ति के पश्चात अंतिम दिन महायज्ञ एवं रथयात्रा के पावन अवसर पर जैन मंदिर में उल्लासपूर्ण, भक्तिमय जैसा वातावरण था। विधान में सिद्धों की आराधना करने वाले समस्त इंद्र इंद्राणी, श्रावक श्राविकाएं अपने विशेष परिधान में हार मुकुट से सुसज्जित महायज्ञ के कुण्डों के इर्द गिर्द बैठकर मंत्रों के साथ विश्व शांति एवं कल्याण की भावना के सहित कुंडों में आहुति दे रहे थे। महायज्ञ में सुगंधित धूप, घी एवं जड़ी बूटियों की आहुति से उत्पन्न सुगंधित धुएं से मंडप में विराजमान श्रद्धालु आनंदित महसूस कर रहे थे।

विदेश में षड्यंत्र का शिकार हुआ जैन परिवार

आगरा के धीरज जैन पत्नी-बेटी समेत अफ्रीका में फंसे, राज्यसभा सांसद नवीन जैन ने प्रधानमंत्री से मदद का किया निवेदन

नवभारत न्यूज

मुरैना, 21 नवम्बर। पश्चिम अफ्रीका के कैमरून नगर की एक कंपनी में कार्यरत धीरज जैन किसी षणयंत्र का शिकार होकर वहां पर फस गए हैं। कंपनी ने उनका पासपोर्ट जप्त कर लिया है और भारत वापिस नहीं आने दे रही है। उनके पास खाने पीने तक के पैसे नहीं है । उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भारत वापिसी हेतु तत्काल हस्तक्षेप का अनुरोध किया है ।

आगरा निवासी धीरज जैन लगभग 12 वर्षों से पश्चिम अफ्रीका के कैमरून नगर में एक टूर एंड ट्रेवल कंपनी में एकाउंटेंट के पद पर कार्यरत हैं। जैन के साथ उनकी पत्नी एवं एक साल की बेटी

भी रहती है । दीनदयाल नगर आगरा निवासी धीरज जैन विदेश में किसी षणयंत्र का शिकार हो गए और कंपनी ने उनका पासपोर्ट जप्त कर भारत वापसी पर रोक लगा दी है । जैन और उनके परिवार ने वीडियो वायरल कर मदद की गुहार लगाई है । धीरज का आरोप है कि उनकी कंपनी ने उन पर झूठे आरोप लगाकर पासपोर्ट जब्त कर लिया है, जिससे उनका परिवार बिना पैसे और सहारे के मुश्किल में है । वे खुद को लूट का शिकार बता रहे हैं। उन्होंने भारत सरकार से तुरंत हस्तक्षेप कर वतन वापिसी की अपील की है ।

अफ्रीका से धीरज जैन ने प्रधानमंत्री को लिखा है कि मेरे तथा मेरे परिवार के जीवन की सुरक्षा, पासपोर्ट वापसी एवं भारत वापसी हेतु तत्काल हस्तक्षेप का अनुरोध किया है। उन्होंने अपना दुख व्यक्त करते हुए बताया कि मैं आपके समक्ष अपना दु:खद और अत्यंत संवेदनशील मामला इस आशा के साथ प्रस्तुत कर रहा हूँ कि आप मेरी और मेरे परिवार की सुरक्षा के लिए तत्काल हस्तक्षेप करेंगे।

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया

मुरैना/जौरा, 21 नवम्बर। जौरा में शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा संचालित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2025 का सफल आयोजन हुआ। इस परीक्षा में जौरा के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिसमें आइडियल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भी अपनी संस्कृति को पहचाना और परीक्षा में अपनी प्रतिभा दिखाई। इस परीक्षा का उद्देश्य नई पीढ़ी में भारतीय संस्कृति, परंपराओं, नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिक ज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। विद्यार्थियों को भारतीय इतिहास, संस्कृति, महापुरुषों के जीवन आदर्शों और सामाजिक नैतिक मूल्यों की जानकारी प्रदान की गई। आइडियल पब्लिक स्कूल, जोरा के संचालक प्रमोद गुप्ता और उनके सहयोगी स्टाफ ने इस परीक्षा में सक्रिय भूमिका निभाई। स्कूल के बच्चों ने उत्साहपूर्वक परीक्षा में भाग लिया और अपनी संस्कृति को गहराई से समझने का प्रयास किया। हम श्री प्रमोद गुप्ता जी और उनके स्टाफ का इस आयोजन में सहयोग के लिए हार्दिक धन्यवाद देते हैं। परीक्षा के परिणाम शीघ्र ही घोषित किए जाएंगे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

कल यूनिटी मार्च का आयोजन

मुरैना, 21 नवम्बर। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर प्रस्तावित यूनिटी मार्च का आयोजन 21 नवंबर को होना था, किन्तु भाजपा नेता एवं जनसंघ के संस्थापक सदस्य स्व. जाहर सिंह शर्मा के भतीजे भाजपा नेता विजय जाहर सिंह के आकस्मिक निधन के कारण कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है। अब यूनिटी मार्च का आयोजन 23 नवंबर दोपहर 12 बजे किया जाएगा। यूनिटी मार्च को विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर तथा सांसद शिवमंगल सिंह तोमर हरी झंडी दिखाकर जेएस गार्डन से रवाना करेंगे।

यूनिटी मार्च का निर्धारित मार्ग : जेएस गार्डन से ओवरब्रिज, पुरानी कलेक्टरेट, पुराना बस स्टैंड, बैरियर चौराहा, एबी रोड, केएस चौराहा, नैनागढ़ रोड स्थित स्वामी विवेकानंद स्मारक तक। मार्च का समापन एवं संबोधन कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद स्मारक पर आयोजित किया जाएगा।

अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर बोले अध्यक्ष माहेश्वरी

नवभारत न्यूज

मुरैना/जौरा, 21 नवम्बर। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देश पर नगर पालिका द्वारा एसडीम शुभम शर्मा एवं एसडीओपी नितिन बघेल की मौजूदगी में 20 नवंबर गुरुवार को

नागरिकों को नहीं होगी परेशानी

चलाये गये अस्थाई अतिक्रमण अभियान को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष अखिल माहेश्वरी का कहना है कि नागरिकों को अभियान के दौरान परेशानी नहीं होगी, इस बात का विशेष ख्याल रखा जाएगा।

गुरुवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान पक्षपात को लेकर कई नागरिक नगर पालिका

अध्यक्ष अखिल माहेश्वरी के पास पहुंचे और उनसे कहा कि नगर पालिका द्वारा मनमाने एवं पक्षपात तरीके से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया है, जिसको लेकर अध्यक्ष अखिल माहेश्वरी रात में मौके पर पहुंचे। वहां उपस्थित नागरिकों से कहा कि आप सभी को असुविधा एवं नुकसान का सामना करना पड़ा, जिसके चलते आप सभी को जो भी क्षति पहुंची है उसके लिए मैं हृदय से क्षमा प्रार्थी हूं। आमजनों के बीच अध्यक्ष श्री माहेश्वरी ने यह भी कहा कि नगर की जनता हमेशा मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है।

किसी भी कार्यवाही का उद्देश्य कभी भी नागरिकों को कष्ट पहुंचाना नहीं बल्कि नगर को अधिक सुव्यवस्थित और सुरक्षित बनाना होता है। फिर भी यदि इस प्रक्रिया में किसी को व्यक्तिगत नुकसान हुआ है तो उसकी मैं जिम्मेदारी लेता हूं।

आगे से अभियान चलेगा तो विशेष ध्यान रखा जाएगा कि व्यक्तिगत नुकसान किसी भी व्यापारी, दुकानदार, नागरिक का नहीं हो। यहीं पर मौजूद प्रकाश गर्ग व्यापारी ने बताया कि अभियान के दौरान उसकी दुकान का लेंटर नीचे की पटिया चटक गई है जिससे मकान में नुकसान भी हो सकता है। उन्होंने आमजनों से यह वायदा भी किया कि भविष्य में हर कार्यवाही पारदर्शिता के साथ होगी। कहीं भी भेदभाव पक्षपात नहीं होगा एवं आम नागरिकों, जनता जनार्दन के हितों का जिससे कि उन्हें अनावश्यक परेशानी नहीं हो।

इनका कहना है...

एसडीएम शुभम शर्मा एवं एसडीओपी नितिन बघेल का कहना है कि नगर पालिका सीएमओ एवं अतिक्रमण प्रभारी द्वारा अभियान चलाया गया। उनके द्वारा पूर्व से चिन्हित स्थान से ही नाले-नालियों के आगे ऊपर के पाट-पटिया रैंप सीढ़ियां हटाने की कार्यवाही की गई है। सीएमओ वीरेंद्र रावत अतिक्रमण, प्रभारी महेश सविता का कहना है कि अस्थाई अतिक्रमण को हटाने के लिए लगातार मुनादी कराई जा रही थी। पूर्व से चिन्हित कर अस्थाई अतिक्रमण पर निशान भी लगे गए थे, उसी के अनुसार कार्रवाई की गई है, जिससे कि नगर में आवागमन सुचारू रूप से रहे, जाम की स्थिति नहीं बने।

पुलिस ने जीवाजीगंज में चलाया विशेष चैकिंग अभियान

नवभारत न्यूज

मुरैना, 21 नवम्बर। पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ (भापुसे) के निर्देशानुसार एवं अति. पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र पाल सिंह डावर के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर प्रभावी चालानी कार्यवाही किये जाने के साथ-साथ विद्यालयों, कोचिंग संस्थानों के आस-पास विशेष चैकिंग किये जाने हेतु निर्देश प्राप्त हुए।

उक्त निर्देशों के पालन में यातायात पुलिस एवं पुलिस लाईन बल द्वारा जिवाजी गंज मुरैना में स्थित कोचिंग संस्थान क्षेत्र में

विशेष सघन चैकिंग अभियान दिनांक 18.11.25 से सुबह 07:00 बजे से 10:30 तक प्रतिदिन संचालित किया जा रहा है। इस दौरान 03 प्रमुख चैकिंग पोईंट जीवाजी गंज में लगाये गये है जिसके द्वारा प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इस दौरान नाबालिग वाहन चालकों के अभिभावको एवं बिना हेलमेट / 03 सवारी के वाहन चालकों पर, बिना नम्बर प्लेट एवं बिना ड्राईविंग लायसेंस वाहन चालकों पर, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करने वाले चालकों, बिना आई कार्ड कोचिंग संस्थानों पर पढ़ने आने वाले छात्र - छात्राओं को चैक करना एवं कोचिंग संचालकों से समन्वय स्थापित कर बिना आई कार्ड छात्र - छात्राओं का आई कार्ड जारी करवाना।

कोचिंग एरिया में अनावश्यक रूप से खड़े / घूमने वाले असमाजिक युवकों एवं उनके बैंग को एचएचएमडी द्वारा चैक कर आवश्यक कार्यवाही करना। छात्र-छात्राओं से सुरक्षा व शिकायतों के लिए तुरंत पुलिस को सूचना देने का आग्रह किया जा रहा है।

लखनऊ राष्ट्रीय जम्बूरी के लिए चंबल संभाग मुरैना का स्काउट-गाइड दल रवाना

नवभारत न्यूज

मुरैना, 21 नवम्बर। भारत स्काउट एवं गाइड के राष्ट्रीय जम्बूरी, लखनऊ में सहभागिता हेतु चंबल संभाग, मुरैना का स्काउट-गाइड दल आज प्रात: उत्साह के साथ रवाना हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमलेश कुमार भार्गव, आईएएस मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत मुरैना रहे, जिन्होंने सभी प्रतिभागी स्काउट-गाइड एवं स्टाफ सदस्यों को टी-शर्ट एवं कैप प्रदान की। साथ ही सभी को पुष्पगुच्छ प्रदान कर सफल यात्रा की शुभकामनाएँ दीं। दल सुबह 4:00 बजे बस द्वारा मुरैना से ग्वालियर के लिए रवाना हुआ तथा आगे ग्वालियर से ट्रेन द्वारा लखनऊ के लिए प्रस्थान किया। इस अवसर पर शुभकामनाएँ देने वालों में— जिला शिक्षा अधिकारी एस.के. सक्सेना, प्रदेश उपाध्यक्ष ओपी गुप्ता, जिलाध्यक्ष डॉ. विवेक राठी, गिर्राज सिंह यादव जिला मुख्यायुक्त, सुरेंद्र सिंह यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राकेश शिवहरे उपाध्यक्ष, अमृत लाल यादव उपाध्यक्ष, के.डी. डंडौतिया उपाध्यक्ष, ओमप्रकाश शर्मा लीडर ट्रेनर, मूलचंद गौड़ एएलटी, कोषाध्यक्ष: सीताराम गुर्जर, डॉ. राकेश कुमार शर्मा, मुरारीलाल मावई, रामनरेश डंडोतिया, हरिओम तिवारी, अनुपम जादौन। इसके अतिरिक्त, संभागीय दल नेता चंबल संभाग - वीर सिंह यादव, संभागीय उप-दल नेता चंबल संभाग एवं जिला मुरैना दल नेता - शेखर सिंह यादव लखनऊ जम्बूरी के लिए रवाना हुए।

सेंट मैरी पब्लिक स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

मुरैना, 21 नवम्बर। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा महिलाओं / बालिकाओं के विरुद्ध घटित अपराधों को दृष्टिगत रखते हुए बालिकाओं को बाल अपराधों एवं सायबर संबंधी अपराधों के संबंध में सजग एवं सुरक्षित बनाये जाने एवं गुमशुदा नाबालिग बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु समस्त जिलों में ''मुस्कान अभियान'' के तहत कार्यवाही किये जाने संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उक्त निर्देशों के तारतम्य में पुलिस अधीक्षक जिला मुरैना, समीर सौरभ द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों एवं राजपत्रित अधिकारियों (पुलिस) को नाबालिग बालिकाओं की दस्तयाबी एवं थाना क्षेत्रांतर्गत स्थित शैक्षणिक संस्थाओं पर कार्यशालाएं आयोजित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया, जिसके तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुरैना सुरेन्द्र पाल सिंह डावर के निर्देशन एवं महेश शर्मा प्रभारी उप पुलिस अधीक्षक (मसुशा) ने सेंट मैरी स्कूल मुरैना में कार्यशाला का आयोजन किया।

ऐचवाड़ा में दर्दनाक हादसा

गरीब परिवार की 10 बकरियाँ जलीं

नवभारत न्यूज

सबलगढ़, 21 नवम्बर। रामपुर कलां ऐचवाड़ा गाँव में गुरुवार रात एक बेहद दर्दनाक घटना सामने आई। गाँव की ललिता पत्नी फूल सिंह कुशवाह के घर पर अचानक लगी आग ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। ललिता ने अपने घर के पास घास-फूस का छप्पर डालकर और लोहे की जाली लगाकर बकरियों के लिए एक छोटा सा बाड़ा बनाया था रोज़ाना की तरह उन्होंने शाम को सभी बकरियों को चराकर उसी बाड़े में बंद कर दिया था रात बीत रही थी, तभी अचानक बाड़े के छप्पर में आग भड़क उठी। आग कैसे लगी, इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं है—परंतु कुछ ही मिनटों में आग ने बाड़े को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया

गाँव के लोग शोर सुनकर मौके पर पहुँचे और आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। तेज लपटों और धुएँ के कारण कोई भी बकरियों को बाहर नहीं निकाल सका। ललिता के अनुसार, इस हादसे में उनकी 10 बकरियाँ जलकर मर गईं परिवार ने बताया कि ये बकरियाँ ही उनके बच्चों के पालन-पोषण और घर का मुख्य सहारा थीं। अचानक हुए इस नुकसान ने परिवार को आर्थिक रूप से तोड़ दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन को पीड़ित परिवार की तुरंत सहायता करनी चाहिए, ताकि उनका जीवन दोबारा पटरी पर आ सके स्थानीय लोगों ने पंचायत व प्रशासनिक अधिकारियों से मांग की है कि घटना का सर्वे कराकर पीड़ित परिवार को मुआवजा प्रदान किया जाए। फिलहाल ग्रामीण अपने स्तर पर परिवार की मदद करने में जुटे हुए हैं ऐचवाड़ा की यह घटना ग्रामीण इलाक़ों में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता की कमी और घास-फूस के बने ढाँचों की संवेदनशीलता को एक बार फिर उजागर करती है प्रशासन को भी ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए आवश्यक कदम उठाने की जरूरत है।

ब्रॉड गेज रेलवे ट्रैक मेमू ट्रेन दौड़ने का मार्ग हुआ प्रशस्त

नवभारत न्यूज

सबलगढ़, 21 नवम्बर। उत्तर मध्य रेलवे ग्वालियर-श्योपुर रेल्वे ट्रैक का इलेक्ट्रिक निरीक्षण पी सी ई ई यतेंद्र कुमार ने अपनी टीम के

पीसीईई के इलेक्ट्रिक निरीक्षण में कैलारस से सबलगढ़ तक विद्युत लाइन को पाया फिट

साथ किया गया जिसमें कैलारस से सबलगढ़ तक विद्युत लाइन को मेमू ट्रेन चलाने के लिए उपयुक्त पाया गया उन्होंने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा गया अब रेल मंडल झांसी को मेमू ट्रेन

चलाने की डेट तय करनी है शुक्रवार को शाम 4: 00 बजे पी सी ई ई यतेंद्र कुमार की टीम इलेक्ट्रिक निरीक्षण करने कैलारस से सबलगढ़ तक पहुंची टीम में 25 से 30 लोग शामिल थे उत्तर मध्य रेलवे ग्वालियर-श्योपुर रेल्वे ट्रैक पर विद्युत लाइन को मेमू ट्रेन चलाने के लिए उपयुक्त पाया गया।

उन्होंने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा गया मेंमू ट्रेन को दिसंबर के प्रथम सप्ताह में चलाए जाने की संभावना है सबलगढ़ रेलवे स्टेशन पर मेंमू ट्रेन को हरी झंडी दिखाने वाले क्षेत्रीय राजनेताओं की तय होंनी है तिथि उत्तर मध्य रेलवे ग्वालियर-श्योपुर रेल्वे ट्रैक की विद्युत लाइन का पी सी ईई यतेंद्र कुमार की टीम ने इलेक्ट्रिक निरीक्षण करने अपनी रिपोर्ट रेल मंडल झांसी को सौंपेंगे कैलारस से सबलगढ़ तक विद्युत लाइन को मेमू ट्रेन चलाने के लिए उपयुक्त पाया गया इस क्षेत्र के प्रमुख नेता केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया सांसद शिव मंगल सिंह एवं वर्तमान मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर मिलकर तिथि तय करेंगे रेल्वे टाइम के अनुसार 1 दिसंबर से ग्वालियर से सबलगढ़ तक मेंमू ट्रेन चालू होंने की संभावना बताई गई है ।

तिथि आगे पीछे भी हो सकती है नेशनल हाईवे 552 से सबलगढ़ रेलवे स्टेशन के अंडरपास तक मार्ग का राजस्व सर्वे शुरू 50 मीटर चौड़ाई में बनेगा मार्ग नेशनल हाईवे 552 से सबलगढ़ रेलवे स्टेशन डेढ़ किलोमीटर के मार्ग में से आधा किलोमीटर रेलवे और एक किलोमीटर सड़क निर्माण का कार्य लंबित है इस क्षेत्र की लाइफ लाइन मानी जाती ब्रोड गेज ट्रेन रेल मंडल झांसी पी सी ईई यतेंद्र कुमार के कहना आज 21 नवंबर को पी सी ईई निरीक्षण किया गया विद्युत लाइन में सब कुछ सही पाया गया है हम अपनी फाइनल रिपोर्ट रेल मंडल झांसी को सौंप देंगे दिसंबर के प्रथम सप्ताह में मेंमू ट्रेन चालू हो सकती है।

आम सूचना

श्रीमती अनीता पत्नी श्री बंटी के स्वात्व व स्वामित्व की अचल सम्पत्ति भूखण्ड स्थित ग्राम चैना .प.ह.नं.100, विकासखण्ड जौरा, तहसील व जिला मुरैना (म.प्र) है जो भूमि सर्वे क्र. 130/2 ग्राम चेना का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1700 वर्गफुट है और चतुर्सीमा निम्न प्रकार है-पूर्व में- भूमि घोवी, पश्चिम में रास्ता 20 फुट चौड़ा .उत्तर में भूखण्ड राजय एवं दक्षिण में-भूमि विक्रेता है। उक्त सम्पति एवं संलग्न अन्य सम्पति पूर्व में हल्को बाई पुत्री श्री लज्जाराम, श्री सुरेश, श्री संजय, श्री महेश पुत्रगण श्री मुरारी, श्री राहुल पुत्र श्री जगदीश, श्रीमती विमला पत्नी श्री रामलेयक, श्री रामावतार पुत्र श्री जवरलाल के संयुक्त स्वत्य स्वामित्य की थी। श्रीमती हल्को बाई, श्री संजय द्वारा सम्पति रकबा 0.19 हेक्टेयर एरिया श्री सुरेश उपाध्याय पुत्र श्री रामजीलाल उपाध्याय को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी 25792021ए 1726919 दिनांक 26.08.2021 से विक्रय की गई। श्री सुरेश उपाध्याय द्वारा उक्त सम्पति श्रीमती छोटे पत्नी श्री रामबरन को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र एमपी25792022ए1019353 दिनांक 06.01.2022 से विक्रय की गई। श्रीमती छोटे द्वारा उक्त सम्पति श्रीमती अनीता पत्नी श्री बंटी को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी25822023ए 11701676 दिनांक 10.04.2023 से विक्रय की गई। उक्त सम्पति के वर्तमान स्वामी द्वारा ऐसा अवगत कराया गया है कि उक्त विक्रय विलेख दिनांक 06.01.2022 की मूलप्रति गुम हो गई है। श्रीमती अनीता द्वारा उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान उम्मीद हाउसिंग फायनेंस प्राईवेट लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिरा किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय को उक्त विक्रय विलेख दिनाक 08.01.2022 की मूलप्रति प्राप्त हों तो वह मूल दस्तावेज प्रदान करें एवं जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम, निकाय अथवा उक्त सर्व क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पति के स्या स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपति होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में लिखित आपति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन को 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। तंका अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट कार्या भवन क्र .52 कैलाश विहार, फेडरल बैंक के पास, सिटी सेंटर ग्वालियर (म प्र .)
मो .नं . 98276-72710